एन0ए0एस0 कॉलेज, मेरठ
वाणिज्य विभाग
औद्योगिक भ्रमण– अमर उजाला लिमिटेड मेरठ

दिनांक 5 अगस्त 2022 को एन0ए0एस0 कॉलेज, मेरठ के प्राचार्य डॉ0 मनोज कुमार अग्रवाल जी की प्रेरणा से एवं उनके मार्गदर्शन में, वर्तमान सत्र 2022–23 का शुभांरभ, एम0 कॉम0 द्वितीय वर्ष के छात्र–छात्राओं के अमर उजाला लिमिटेड मोहकमपुर, दिल्ली रोड, मेरठ परिसर के औद्योगिक भ्रमण से हुआ। छात्र–छात्रायें समाचार पत्र के मुख्य कार्यालय एवं प्रिटिंग प्रेस मे गये एवं वहाँ पर जनरल मैनेजर श्री राहुल चौहान व उनके सहयोगी श्री मन्दीप लांबा एवं श्री सचिन त्यागी से भेंट की। इन्होंने छात्र–छात्राओं को समाचार पत्र के सभी कार्य एवं बारिकियों के बारे में जानकारी दी जिसमें उन्होंने बताया कि सूचना कैसे एकत्रित की जाती है, तथा सूचना को समाचार बनने तक किन–किन चरणों से गुजरना पड़ता है। अमर उजाला की तकनीकी टीम ने छात्र–छात्राओं को छपाई प्रक्रिया को आधुनिक मशीनों द्वारा व्यवहारिक रूप से भी करके दिखाया।

छात्र–छात्राओं ने इस औद्योगिक भ्रमण से भरपूर लाभ उठाया और उन्हें समाचारों के संकलन से समाचार पत्र के छपने तथा तदुपरांत वितरण तक की संपूर्ण प्रक्रिया से (ऑडियो– विडियो माध्यम द्वारा) तकनीकी टीम द्वारा अवगत कराया गया। तत्पश्चात छात्र–छात्राओं की जिज्ञासा से भरे प्रश्नों, विशेष तौर पर कैरियर से संबंधित प्रश्नों का बेहद संतोषजनक ढंग तथा सरलता एवं स्पष्टता से उत्तर दिया गया। शैलेन्द्र कमल, अंकित, शीतल, मोहिनी, रितिका तंवर, विकास, कपिल, शिवांगी, प्रथम, मनीषा, मानसी, प्रशस्ति, प्रतिभा, साक्षी, अक्षी आदि ने अत्यन्त महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे और अपनी जिज्ञासा को प्रभावी ढंग से व्यक्त किया। इस भ्रमण में विभागाध्यक्ष डॉ0 आर0आर0 भारद्वाज, टूर कॉर्डिनेटर डॉ0 श्याम कुमार घई, डॉ0 प्रवीण ज्योति, डॉ0 हेमन्त यादव, डॉ0 रेखा गर्ग, श्रीमति अम्बिका कालरा का अमूल्य योगदान रहा।

इस अवसर पर परिसर स्थित समाचार पत्र के समस्त विभागों की कार्य प्रणाली से अवगत कराते हुए विभिन्न विभागों में छात्र–छात्राओं को भ्रमण कराया गया।

विद्यार्थियों ने जाना कैसे छपता है अमर उजाला

एनएएस डिग्री कॉलेज के कॉमर्स विभाग के छात्र-छात्राओं ने शुक्रवार को अमर उजाला कार्यालय का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने अखबार बनने से छपने तक की प्रक्रिया को जाना। अमर उजाला